1

# विद्यालय प्रबंध समिति (VMC) बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक: 16 सितंबर 2025

स्थान: कंप्यूटर सेंटर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक

अध्यक्षता:

प्रोफेसर भूमि नाथ त्रिपाठी, नामित अध्यक्ष

उपस्थित सदस्यगण:

1. प्रो. दिनेश कुमार (शिक्षाविद्)
2. डॉ. राज नारायण ओझा (प्राचार्य, मॉडल ट्राइबल स्कूल, अमरकंटक)
3. डॉ. कुमकुम कस्तूरी
4. डॉ. आदित्य कुमार श्रीवास्तव
5. डॉ. शिवांग मणि त्रिपाठी
6. डॉ. संतोष कुमार सोनकर
7. श्री सुमित दुबे (शिक्षक प्रतिनिधि)
8. श्री रतन कुमार (सदस्य सचिव एवं प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय अमरकंटक)
9. श्री गौरीशंकर महापात्र (वित्त अधिकारी, इ.ग.रा.ज.वि., अमरकंटक) – सह-नामांकित सदस्य
10. श्री कार्तिक सीसोदिया (तकनीकी सदस्य, सहायक अभियंता – सिविल)

बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय:

1. विद्यालय की रंगाई-पुताई एवं रखरखाव कार्य

प्राचार्य ने विद्यालय भवन की रंगाई-पुताई की आवश्यकता पर प्रस्ताव रखा तथा भवन की वर्तमान स्थिति की फोटो प्रस्तुत की।

अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि यह कार्य विद्यालय विकास निधि (VVN) से नियमानुसार पूर्ण कर लिया जाए एवं बिल रीइम्बर्समेंट हेतु विश्वविद्यालय को भेजा जाए ताकि राशि बाद में समायोजित की जा सके।

इसी प्रकार प्रार्थना स्थल पर फाइबर छत की मरम्मत का कार्य भी इसी प्रक्रिया से पूर्ण करने हेतु सहमति दी गई।

यह भी अनुशंसा की गई कि प्रस्ताव को विश्वविद्यालय की आगामी वित्त समिति की बैठक में भी प्रस्तुत किया जाए।

2. विद्यालय की बाड़ाबंदी (Fencing) का कार्य

सदस्यों ने छात्र सुरक्षा की दृष्टि से बाड़ाबंदी की आवश्यकता पर बल दिया।

प्राचार्य ने बताया कि यह प्रस्ताव पूर्व बैठकों में भी कई बार रखा गया है, परंतु कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है।

सदस्यों ने सुझाव दिया कि इसे CSR (Corporate Social Responsibility) के माध्यम से करवाया जाए।

निर्णय लिया गया कि इंजीनियरिंग सेल की टीम पहले स्थल सर्वे एवं लागत आकलन करेगी, तत्पश्चात आगे की कार्यवाही की जाएगी।

3. बालवाटिका-I, II एवं मानवीकी कक्षाओं हेतु कक्षों की आवश्यकता

कुल चार कक्षाओं की आवश्यकता पर विचार किया गया।

अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध कक्षों का उपयोग किया जा सकता है।प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि CBSE के नियमानुसार सभी कक्षाएँ विद्यालय परिसर में ही संचालित होना अनिवार्य हैं, जिससे शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित रहती है।

प्राचार्य
Principal
के.वि.अमरकंटक
K.V Amarkantak

नामित अध्यक्ष
के.वि.अमरकंटक
Nominee Chairman
K.V. Amarkantak

अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि इंजीनियरिंग सेल उपलब्ध कक्षों का सर्वे कर उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करे।प्राचार्य द्वारा यह भी अवगत कार्य गया की विद्यालया मे कोई भी अतिरिक्त कक्षाएं नहीं है अतः शीघ्र ही निर्माण कराया जाए

साथ ही अध्यक्ष महोदय ने निर्देशित किया कि जब तक स्थायी भवन निर्माण की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक बालवाटिका-I, II एवं मानवीकीय कक्षाओं के संचालन हेतु विद्यालय परिसर में वैकल्पिक कक्षाओं की अस्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि शैक्षणिक गतिविधियाँ निर्बाध रूप से संचालित रह सकें।

4. सोलर पैनल की स्थिति

सहायक अभियंता (सिविल) श्री कार्तिक सीसोदिया ने सूचित किया कि विद्यालय पहले से ही विश्वविद्यालय के सोलर पैनल सिस्टम से जुड़ा हुआ है।

5. सफाई कर्मचारी एवं सब-स्टाफ की आवश्यकता

प्राचार्य ने अवगत कराया कि पूर्व में तीन सफाई कर्मचारी एवं दो सब-स्टाफ विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त थे, जिनमें से एक सफाई कर्मचारी (बालवाटिका हेतु) और एक कार्यालय सहायक को बिना पूर्व सूचना के हटा दिया गया है। बालवाटिका के बच्चों की आयु को देखते हुए NEP-2020 के अनुसार एक आया (Care Taker) अनिवार्य है।

अध्यक्ष ने इस विषय में आउटसोर्स स्टाफ प्रभारी श्री संजीव जी से चर्चा की, परंतु कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकला। निर्णय हुआ कि विद्यालय इस संबंध में पुनः पत्राचार करेगा। इस समय परिसर मे तीन सफाई कर्मी और दो स्टाफ की आवश्यकता है

6. गार्डों की स्थायी ड्यूटी निर्धारण

प्राचार्य ने बार-बार ड्यूटी परिवर्तन से उत्पन्न असुविधा पर चिंता व्यक्त की। अध्यक्ष महोदय ने संबंधित अधिकारी श्री चंदन जी को निर्देश दिया कि तीनों गार्डों की ड्यूटी स्थायी रूप से निर्धारित की जाए।

7. स्मार्ट पैनल एवं नोटिस बोर्ड की आवश्यकता

प्राचार्य ने अवगत कराया कि MOU के अनुसार शैक्षणिक सामग्री की आपूर्ति परियोजना एजेंसी द्वारा की जानी है।

दो पैनल प्राप्त हुए हैं, परंतु NEP-2020 के अनुसार प्रत्येक कक्षा में स्मार्ट पैनल आवश्यक है।

अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र पैनल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

10 नोटिस बोर्डों की खरीद हेतु विद्यालय विकास निधि से GEM पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति प्रदान की गई।जिका अनुमानित व्यय 45000/- हो सकता है

8. व्यावसायिक शिक्षण/कार्यशाला हेतु सामग्री

प्राचार्य के प्रस्ताव पर अध्यक्ष ने NEP-2020 के अनुरूप इलेक्ट्रिक सिलाई मशीन, हस्तकला सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन टूल्स, बुटीक सामग्रियों आदि की खरीद विद्यालय विकास निधि से GEM के माध्यम से करने की स्वीकृति दी। अध्यक्ष ने कहा कि "हमें विद्यार्थियों को आधुनिक वैश्विक परिवेश के अनुरूप प्रशिक्षित करना होगा और अपनी सोच में नवाचार लाना होगा।"

9. बालवाटिका हेतु लर्निंग टॉय एवं झूले की व्यवस्था

अध्यक्ष ने लगभग ₹150,000 की अनुमानित लागत से विद्यालय विकास निधि से GEM के माध्यम से खरीद की स्वीकृति प्रदान की।

10. विद्यालय के CCA विभाग हेतु DSLR कैमरा

प्राचार्य ने उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे की आवश्यकता बताई।

अध्यक्ष ने लगभग ₹80,000 की अनुमानित लागत से GEM के माध्यम से खरीद की स्वीकृति प्रदान की।

| | |
|---|---|
| प्राचार्य<br>Principal<br>के.वि. अमरकंटक<br>K.V Amarkantak | नामित अध्यक्ष<br>के.वि.अमरकंटक<br>Nominee Chairman<br>K.V. Amarkantak |

11. प्रोजेक्ट 'BALA' (Building as Learning Aids)

विद्यालय परिसर में शैक्षणिक ऑइल पेंटिंग्स द्वारा सज्जा हेतु कार्य GEM सर्विस सर्च के माध्यम से करवाने की स्वीकृति दी गई।

अनुमानित लागत ₹80,000 से ₹90,000 होगी।

12. स्वागत कक्ष एवं स्टाफ रूम का रिनोवेशन

एल्को पैनल/वालपेपर आदि द्वारा सौंदर्यीकरण के लिए लगभग ₹1.5 लाख की लागत से कार्य कराने की स्वीकृति दी गई।

यह कार्य विद्यालय विकास निधि से GEM के माध्यम से किया जाएगा।

13. पुस्तकालय एवं कार्यालय हेतु फर्नीचर

दो बुक शेल्फ एवं तीन अलमारियों की खरीद हेतु (अनुमानित लागत ₹50,000) स्वीकृति प्रदान की गई।

14. राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन अंतर्गत सामग्री की खरीद

विद्यालय में डस्टबिन, डोरमैट, वैक्यूम क्लीनर एवं अन्य सफाई सामग्री हेतु लगभग ₹70,000 की स्वीकृति दी गई।

अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी कार्य के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी।

समापन:

अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुई।

(रतन कुमार)

सदस्य सचिव एवं प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय अमरकंटक

प्राचार्य
Principal
के.वि.अमरकंटक
K.V Amarkantak

(प्रो. भूमि नाथ त्रिपाठी)

नामित अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति

नामित अध्यक्ष
के.वि.अमरकंटक
Nominee Chairman
K.V. Amarkantak

# केन्द्रीय विद्यालय अमरकंटक

## विद्यालय प्रबंध समिति की सूची

दिनांक–16 / 09 / 2025

उपस्थिति पत्रक

| S.No. | Designation | Details | Signature |
|---|---|---|---|
| 1. | Chairman | Prof.Vyomakesh Tripathi Vice Chancellor. IGNTU Amarkantak | — |
| 2. | Nominee Chairman | Prof Bhumi Nath Tripathi, . IGNTU Amarkantak | [signature] 16/9/2025 |
| 3 | Educationist | Prof. Dinesh Kumar, . IGNTU Amarkantak | [signature] 16/09/2025 |
| 4 | Educationist | Dr.Raj Narayan Ojha Prinicipal ,Model Tribal School, . IGNTU,Amarkantak | [signature] 16/09/25 |
| 5 | Eminent Person of Cultural area | Dr.Kumkum Kasturi, IGNTU Amarkantak | [signature] 16/09/2025 |
| 6 | Parent Member | Prof.Tarun Kumar Thakur, . IGNTU Amarkantak | For Shivoy Chaudhury. 16/9/25 |
| 7 | Parent Member | Dr.Aditya Kumar Shrivastava | — |
| 8 | Eminent Medical Officer | Dr.Shivank Mani Tripathi, . IGNTU, Amarkantak | Shivank 16/9/25 |
| 9 | Representative of SC/ST | Dr.Santosh Kumar Sonker, . IGNTU, Amarkantak | [signature] 16/9/2025 |
| 10 | Teacher Representative | Mrs.sumit dubey | [signature] |
| 11 | Member Secratary and Principal | Mr.Ratan Kumar,Principal K.V.Amarkantak | [signature] |
| 12 | Co-opted member | Mr.Gauri Shanker Mahapatra, FO IGNTU, Amarkantak | G.S. Mahapatra 16/9/25 |
| 13 | Chairman CGEWCC | Mr.Ashish Tiwari | Ab |
| 14 | Technical member | Mr.Kartikey Susodiya, | [signature] |

[signature]
नामित अध्यक्ष
के.वि.अमरकंटक
Nominee Chairman
K.V Amarkantak

मनोनीत अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंध समिति
केन्द्रीय विद्यालय, इंगांराजविवि
अमरकंटक (म०प्र०)

[signature]
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय इंगांराजविवि
अमरकंटक (म.प्र.)